<u>**Seventeenth Loksabha**</u>

tle : Regarding Implementation of NPR and President Rule in Jharkhand.

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): सभापति महोदय, मैं इस सदन में पिछले 13-14 साल से झारखंड में घुसपैठ के बारे में हमेशा मुद्दा उठाता रहा हूं । बंग्लादेश से जुड़े होने के कारण हमारे क्षेत्र में घुसपैठ एक बड़ी समस्या है । इसका हिन्दू और मुसलमान से कोई लेना-देना नहीं है । जब वे आते हैं तो हमारे मुसलमान भाइयों का भी रोजगार छीनते हैं ।

पूरे इस्लामीकरण के लिए अभी जो नया ट्रेंड चालू हुआ है, मैं तीन-चार प्वाइंट आपके माध्यम से सरकार को बताना चाहता हूं । भोले-भाले आदिवासियों के साथ शादी करके, आदिवासी लड़कियों के साथ शादी करके बांग्लादेश के मुसलमान पूरी डिमोग्राफी को चेंज करने पर उतारू हैं । इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, मेरे बगल के जिले साहबगंज में जिला परिषद् की जो अध्यक्षा बनी हैं, आदिवासी कोटे से हैं । यह सीट शैड्यूल्ड ट्राइब से रिजर्व थी । उनकी शादी मुसलमान से हुई । मैंने एक उदाहरण दिया है, इस तरह के लाखों उदाहरण हैं ।

दूसरी बात है, माननीय प्रधान मंत्री जी का सपना डिजिटल इकोनॉमी का है । यदि आपने ध्यान दिया हो, जामताड़ा सीरियल बना था । देश के जितने साइबर क्राइम होते हैं, सारे साइबर क्रिमिनल उसी संथाल परगना में हैं । उसी जामताड़ा, देवघर, गोड्डा, पापुड़ और साहबगंज में हैं ।

तीसरी बात है, यहां बहुत गाय हैं । यदि आप मेरे क्षेत्र के रास्ते में जाएंगे, गोड्डा, देवघर से चलेंगे तो रात में लाखों गायें जाती हुई नजर आएंगी, सब बांग्लादेश जा रही हैं । बालू जा रहा है, गिट्टी जा रही है, सब इल्लीगल है, सब गलत है । … (व्यवधान)

महोदय, आज से दो दिन पहले मैंने इसी सदन में इस्लामीकरण का मुद्दा उठाया था, जिसे झारखंड सरकार ने माना । वहां सरकारी स्कूल उर्दू हो गया है और रविवार के बदले शुक्रवार को छुट्टी होती है । इन चार-पांच मुद्दों के कारण क्षेत्र पूरा अशांत हो गया है क्योंकि इस्लामीकरण बढ़ रहा है ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह है कि वहां एनपीआर लागू करें । वहां एनआईए का ऑफिस हो । चूंकि झारखंड सरकार और कांग्रेस मिलकर इन सारी एक्टिविटीज में मदद कर रही है, इसलिए धारा 356 के अंतर्गत झारखंड में राष्ट्रपति शासन लागू हो । जय हिंद, जय भारत । ... (व्यवधान)